**खबर संक्षेप**

### सोशल मीडिया पर कट्टे के साथ वीडियो वायरल करने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**सतना।** सोशल मीडिया पर कट्टे के साथ वीडियो और फोटो पोस्ट कर धौंस जमाना एक नाबालिग (अपचारी बालक) को भारी पड़ गया। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार,इंस्टाग्राम पर एक युवक का कट्टे के साथ वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और एएसपी डॉ.शिवेश सिंह बघेल के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी की टीम ने मुखबिरों की मदद से वीडियो में दिख रहे नाबालिग की शिनाख्त की।पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 10,000 कीमती 315 बोर का एक देसी कट्टा जब्त किया गया।वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 515/ 26, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सत्येंद्र सिंह,आरक्षक सत्येंद्र यादव और मनीष सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### प्राइवेट और 108 एंबुलेंस के लिए बदले नियम, खोवा मंडी में शिफ्ट होगी 108 सेवा

# अस्पताल परिसर के बाहर प्रशासन का कड़ा एक्शनः हटाए गए अतिक्रमण, लगाया जुर्माना



**सतना। जिला अस्पताल के सामने आए दिन लगने वाले भीषण जाम और अव्यवस्था से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है।**

मंगलवार को एसडीएम,ट्रैफिक डीएसपी और नगर निगम के अमले ने संयुक्त रूप से अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर भारी कार्रवाई की। इस दौरान मार्ग बाधित करने वाले हाथ-ठेला संचालकों पर भारी जुर्माना लगाया गया और दोबारा दुकान न लगाने की सख्त हिदायत दी गई।

#### एंबुलेंस चालकों को निर्देश,खोवा मंडी में खड़ी होंगी 108

अस्पताल के सामने अव्यवस्थित तरीके से खड़ी रहने वाली प्राइवेट और 108 एंबुलेंस के खिलाफ भी अधिकारियों ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने फैसला लिया है कि यातायात को सुगम बनाने के लिए 108 एंबुलेंस को अब 'खोवा मंडी' में शिफ्ट किया जाएगा। अधिकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जिला अस्पताल के गेट के सामने कोई भी प्राइवेट या सरकारी एंबुलेंस खड़ी नहीं होनी चाहिए, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो।



#### होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने हाथ-ठेला व्यापारियों को समझाइश देते हुए कहा कि यह केवल एक चेतावनी है। यदि दोबारा अस्पताल के आसपास अतिक्रमण या ठेले पाए गए,तो सामग्री जब्त करने के साथ-साथ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस औचक कार्रवाई से पूरे क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप का माहौल रहा।



# कलेक्टर ने सुनीं 163 आवेदकों की समस्याएँ



**सतना।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 163 आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने भूमि विवाद,राजस्व रिकॉर्ड सुधार,बिजली,पानी,सड़क,पेंशन,छात्रवृत्ति और आवास योजना जैसी बुनियादी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन सभी शिकायतों का समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत निराकरण करने के कड़े निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह और डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते ने भी आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई की।



#### मैहर जिले की जनसुनवाई

मैहर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के मार्गदर्शन में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस बैठक में अपर कलेक्टर संजना जैन ने जिले के दूर-दराज अंचलों से आए 134 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को विस्तार से सुना। उन्होंने मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को इन आवेदनों पर त्वरित और न्यायसंगत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## आयुक्त ने जलप्रदाय और अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**सतना।** नगर पालिक निगम सतना के आयुक्त डॉ.शेर सिंह मीना ने निगम सभाकक्ष में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों की शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश देते हुए जनहित के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने की बात कही। गर्मी के मौसम के मद्देनजर आयुक्त ने जलप्रदाय पीएच ई शाखा की समीक्षा की और पेयजल आपूर्ति,पाइपलाइन लीकेज तथा बाधित जलप्रदाय जैसी समस्याओं को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। वहीं,हाल ही में हुई अग्नि दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। आयुक्त ने फायर ब्रिगेड वाहनों व उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने को कहा। बैठक में निर्माण,स्वास्थ्य,सीवर और



अतिक्रमण शाखा के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यपालन यंत्री मुकेश चतुर्वेदी, के.पी.गुप्ता,स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह और अतिक्रमण अधिकारी दीपक बागरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 700 ग्राम आवेदन लेकर धरने पर बैठीं भाजपा पार्षद, मुक्तिधाम मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग



**सतना।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 17 की भाजपा पार्षद ऊषा गंगा कुशवाहा ने मुक्तिधाम मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर एक अनोखा प्रदर्शन किया। चार साल से लगातार आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से परेशान पार्षद ने जनसुनवाई के बाद अपने आवेदनों को तराजू पर तौला। आवेदनों का कुल वजन लगभग 700 ग्राम निकला,जिसके बाद वे कलेक्टर को पत्र सौंपकर धरने पर बैठ गईं। पार्षद पति गंगा कुशवाहा के अनुसार,मेडिकल कॉलेज के पास स्थित मुक्तिधाम के आम रास्ते पर दो लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है,जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने नवंबर 2025 की एक घटना का भी जिक्र किया,जब रास्ता बंद होने के कारण एक मृत आदिवासी महिला का अंतिम संस्कार मोहल्ले के बीच ही करना पड़ा था। पार्षद का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने केवल औपचारिक निरीक्षण किया,लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया।उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन किसी प्रकार की धमकी नहीं,बल्कि जनता की पीड़ा है। उन्होंने कलेक्टर से शीघ्र अतिक्रमण हटाने की मांग की है और कार्रवाई न होने पर कलेक्ट्रेट के सामने उग्र धरने की चेतावनी दी है।

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में देश शाम तक चलता रहा भंडारा

**मैहर।** श्री बजरंग रामायण मंडल,मैहर के तत्वावधान में (रेस्ट हाउस) स्थित प्राचीन बजरंगबली मंदिर में आज अखंड मानस पाठ के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देश शाम तक चलता रहा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया तथा सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। आयोजकों ने बताया कि भगवान श्रीराम एवं बजरंगबली की कृपा से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।हवन-पूजन के पश्चात विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, राजा चौरसिया,पंडित जी,राजू तांमकार,ओम प्रकाश गुप्ता,पारसराम पटेल,रामप्रकाश गुप्ता,संजय सोनी, मुकेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक,धर्मप्रेमी एवं रामभक्त उपस्थित रहेंगे।श्री बजरंग रामायण मंडल के सदस्यों ने समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर अखंड मानस एवं विशाल भंडारे में शामिल होने तथा प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त करने पर आभार जताया। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंडल के सदस्य एवं रामभक्त पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से व्यवस्थाओं में जुटे लगे रहें।

### महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय,चित्रकूट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक,स्नातकोत्तर,डिप्लोमा,पी जी डिप्लोमा,प्रमाणपत्र के रेगुलर पाठ्यक्रमों सहित पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बंगलौर (नैक) द्वारा ए डबल प्लस ग्रेड से मान्यता प्राप्त तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली (यूजीसी) से प्रथम श्रेणी की स्वायत्तता प्राप्त ग्रामोदय विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण,रोजगारपरक ग्रामीण विकासोन्मुख शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.आलोक कुमार चौबे ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अधिकाधिक संख्या में प्रवेश लेने का आह्वान करते हुए कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय शिक्षा को रोजगार,उद्यमिता,कौशल विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामोदय से राष्ट्रोदय के संकल्प को साकार करने वाला महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को ज्ञान,कौशल और संस्कारों से समृद्ध कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# हत्या में मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

#### विधि का उल्लंघन करने वाले 03 बालक अभिरक्षा में

**मैहर। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरपाटन श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना अमरपाटन पुलिस द्वारा हत्या के एक गंभीर प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 07 आरोपियों में से 03 आरोपियों को गिरफ्तार तथा विधि का उल्लंघन करने वाले 03 बालकों को अभिरक्षा में लिया गया है।**

जानकारी में बताया गया है कि फरियादिया प्रेमबाई कोल निवासी किरहाई बंधा टोला,थाना अमरपाटन द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम हिनौता कला निवासी अमित कोल अपने साथियों एवं उसके देवर सीताराम कोल के साथ उसके घर पहुंचा। सभी आरोपी विवाह संबंधी विवाद एवं जादू-टोना करने के संदेह को लेकर उसके पति पतीराम कोल से विवाद करने लगे। विवाद के दौरान आरोपियों द्वारा गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गई। इसी दौरान मुख्य आरोपी अमित कोल ने अपने पास रखी टंगिया से पतीराम कोल के सिर पर प्राणघातक वार कर दिया,जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में थाना अमरपाटन में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश देकर प्रकरण में शामिल 07 आरोपियों में से 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा विधि का उल्लंघन करने वाले 03 बालकों को अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों एवं विधि विरुद्ध बालकों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जहां से गिरफ्तार आरोपियों को केंद्रीय जेल सतना तथा विधि का उल्लंघन करने वाले 03 बालकों को बाल सम्प्रेषण गृह रीवा भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में अमित कोल पिता लालजी कोल,उम्र 19 वर्ष,निवासी हिनौता कला,थाना मैहर,जिला मैहर। अशोक कोल उर्फ भइया पिता दीनदयाल कोल,उम्र 42 वर्ष,निवासी ग्राम जोबा,थाना बदेरा,जिला मैहर। सनत रावत उर्फ छोटू पिता मायाराम रावत,उम्र 23 वर्ष,निवासी हिनौता कला,थाना मैहर,जिला मैहर। इसी तरह अभिरक्षा में लिए गए विधि का उल्लंघन करने वाले 03 बालक। फरार आरोपियों में सीताराम कोल उर्फ रूपेन्द्र कोल निवासी किरहाई बंधा,थाना अमरपाटन,जिला मैहर।कार्रवाई में जप्ती-वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें,कुल अनुमानित कीमत लगभग 1,20,000 रुपये।

**सराहनीय भूमिका-**


निरीक्षक विजय सिंह परस्ते,उप निरीक्षक केशरी प्रसाद वर्मा,उप निरीक्षक भैयालाल रावत,उप निरीक्षक सुशील तिवारी,प्रधान आरक्षक रीता सिंह,प्रधान आरक्षक लक्ष्मी पटेल,प्रधान आरक्षक सुशील बागरी,आरक्षक गुड्डू यादव,आरक्षक रवीन्द्र मिश्रा,आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह,आरक्षक सुरजीत सिंह,आरक्षक अनूप सिंह एवं आरक्षक उत्कर्ष वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।



# जेके सीमेंट के खिलाफ कांग्रेस-एनएसयूआई का प्रदर्शन

**सड़क हादसों, बेरोजगारी और महंगाई को लेकर सौंपा ज्ञापन**

पन्ना जिले में बढ़ते सड़क हादसों, स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलने, महंगाई तथा विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मंगलवार को कांग्रेस एवं एनएसयूआई के नेतृत्व में अमानगंज नगर में जोरदार प्रदर्शन किया गया।



**अमानगंज।**

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जीके सीमेंट कंपनी पर क्षेत्रीय हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए प्रशासन के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की शुरुआत बड़े हनुमान मंदिर से रैली निकालकर की गई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची, जहां कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। इसके बाद अमानगंज तहसीलदार को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि जीके सीमेंट कंपनी के भारी वाहनों के कारण क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं, जिससे आमजन की जान जोखिम में पड़ रही है। साथ ही स्थानीय युवाओं को पर्याप्त रोजगार नहीं मिलने से उनमें असंतोष व्याप्त है। नेताओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक, बढ़ती महंगाई और युवाओं से जुड़े अन्य मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस और एनएसयूआई आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे, जिला उपाध्यक्ष बाबू सिंह राजपूत, स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पुष्पेंद्र सोनी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कैलाश जाटव, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लड़की देखकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर ही दर्दनाक मौत

**अमानगंज।**

पन्ना जिले के अमानगंज-गुनौर रोड पर गैस गोदाम के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपने बड़े भाई के साथ रिश्तेदारी में लड़की देखने आया था। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पिपरिया कला (थाना रैपुरा) निवासी नारायण साहू (45) अपने 25 वर्षीय छोटे भाई राजकरण साहू के साथ बीते सोमवार को लड़की देखने के लिए झरकुआ अमानगंज आए थे। लड़की देखने की रस्म के बाद राजकरण अपनी मोटरसाइकिल लेकर श्अभी आता हूँश् कहकर अमानगंज की तरफ निकला था। जब काफी देर रात तक वह वापस नहीं लौटा, तो बड़े भाई ने उसे फोन किया। बार-बार फोन करने पर आखिरकार अमानगंज पुलिस स्टाफ ने कॉल रिसीव किया और नारायण को सूचना दी कि उनके भाई का गैस गोदाम के



पास एक्सीडेंट हो गया है, जिसे अस्पताल लाया गया है और उसकी मौत हो चुकी है। अस्पताल पहुँचने पर भाई का शव स्ट्रेचर पर देख नारायण के होश उड़ गए। रात में माता-पिता और जीजा के अस्पताल पहुँचने के बाद मंगलवार को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 281, 106 (1) और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

## खबर संक्षेप

### पन्ना-सतना मार्ग पर बड़ा हादसा टला, ट्राला को क्रॉस करते समय पलटी वैगनआर कार



**पन्ना।** पन्ना-सतना मार्ग पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। छापरटेक के पास पन्ना से सतना की ओर जा रही एक वैगनआर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि उसमें सवार सभी यात्रियों की जान बच गई और उन्हें केवल मामूली चोटें आईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वैगनआर कार पन्ना से सतना की ओर जा रही थी। इसी दौरान पन्ना से कुछ दूरी पर स्थित छापरटेक के पास सामने से आ रहे एक बड़े वाहन ट्राला को क्रॉस करते समय चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। संतुलन बिगड़ने के कारण कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए कार में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी घायलों को हल्की-फुल्की चोटें आने की जानकारी समय रहते राहत मिलने से एक बड़ा हादसा टल गया।

### जाम में फंसी जिंदगी- अमानगंज में 30 मिनट तक नहीं निकल सकी 108 एम्बुलेंस



**अमानगंज।** साप्ताहिक बाजार के दिन मंगलवार को गुनौर-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर अस्पताल के पास भीषण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जाम इतना लंबा था कि एक 108 एम्बुलेंस लगभग आधे घंटे तक वाहनों के बीच फंसी रही, जिससे मरीज और परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार जाम की मुख्य वजह जेके सीमेंट के भारी-भरकम ट्रालों की आवाजाही रही। साप्ताहिक बाजार के कारण पहले से ही सड़क पर लोगों और वाहनों की भीड़ थी, वहीं भारी ट्रकों के गुजरने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनी जब आपातकालीन सेवा की 108 एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। करीब आधे घंटे तक एम्बुलेंस को रास्ता नहीं मिल सका, जिससे लोगों में प्रशासन और यातायात व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि साप्ताहिक बाजार के दिन भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, ताकि आमजन और मरीजों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। लोगों ने प्रशासन से अस्पताल क्षेत्र और मुख्य बाजार मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि मनाई गई



**पन्ना।** जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह राजगोंड द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी, आदिवासी समाज के गौरव एवं जननायक बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीस खान की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा जी ने आदिवासी समाज के अधिकारों, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

# विकास पुरूष के कर्मक्षेत्र में एक और विकास की कार्य के रूप में सीसी सड़क शमशान मार्ग फरस्वाहा को मिली सौगात

**निर्माण कार्य आरंभ ग्रामवासियों ने विधायक का जताया आभार**

**पन्ना।** निश्चितौर पर विकास की दिशा में सोच रखने वाले व कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की सोच कहीं न कहीं कर्मक्षेत्र के रूप में अलग ही जानी जाती है। जिले में पूर्व से लेकर वर्तमान में भी जनप्रतिनिधियों की भूमिका में विकास को लेकर गति के साथ कार्य करने को लेकर जाने जाते है बृजेन्द्र प्रताप सिंह तभी तो विकास पुरूष की मिली उपाधि। गौरतलब बात यह है कि आम आदमी के हितों व सार्वजनिक विकास कार्यों को जहां प्राथमिकता के साथ कराने को लेकर आपकी मंशा जानी जाती है। वह सार्थक रूप में सामने आई। जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में ग्रामीण की मांग सीसी सड़क शमशान मार्ग के लिए जो बेहद जरूरी मानी जाती थी वहीं वर्षाकाल के पहले सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य को लेकर जहां सतत मांग की जा रही थी ग्रामीणों के द्वारा जिसको ध्यान में रखकर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने जमीनी रूप पर सीसी सड़क निर्माण कार्य को आरंभ कराने को लेकर दिशा दी। जो आज निर्माण कार्य सीसी सड़क का पटल पर साबित हो रहा है। वहीं सीसी सड़क तथा नाली निर्माण होने से यह मार्ग सम्पूर्ण



ग्रामवासियों के लिए शमशान मार्ग की सुविधा को लेकर सौगात के रूप में जाना जायेगा। निश्चितौर पर रामनाम सत्य है जब यह यात्रा अंतिम जीवन की संस्कारों को लेकर जहां शमशान में पहुंचती है वहीं इस मार्ग में पहुंचना जहां इस गांव के लोगो के लिए कठिन चुनौती थी केन नदी के किनारे अंतिम संस्कार सभी ग्रामवासियों के होते है और यह मार्ग पूर्ण रूप से जहां पहुंच विहीन हो चुका था। कटाव के चलते वहीं सीसी सड़क का निर्माण जहां ग्रामीणों के लिए खुशी को लेकर जाना जा रहा है वहीं नाली निर्माण की भी जरूरत समय पर मानी जा रही है ताकि यह मार्ग क्षतिग्रस्त न हो साथ ही सभी ग्रामवासियों ने अपने विकास पुरूष पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया है। जमीनी रूप पर जब जनप्रतिनिधि जनता की मांग आधारित कार्यों को प्रमुखता से विकास की दिशा देते है तो निश्चित ही आम जनता सदैव अपने जनप्रतिनिधि के प्रति कृदज्ञता के रूप में जानी जाती है।

# अवैध शराब के विरुद्ध थाना पवई की प्रभावी कार्यवाही

**इंडिका कार से 54 लीटर अवैध शराब एवं वाहन सहित कुल लगभग 3.22 लाख रुपये का मशरूका जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार**

**पवई।**




पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में दिनांक 08.06.2026 की दरम्यानी रात्रि थाना प्रभारी पवई निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की इंडिका कार में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम गठित कर करही तिराहा बायपास रोड ब्रिज के पास नाकाबंदी एवं वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 17 सीए 9566 को रोककर तलाशी लेने पर वाहन की डिक्की से 06 पेटी देशी मदिरा प्लेन (कुल 300 क्वार्टर, लगभग 54 लीटर) अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें उप जेल भेज दिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी-**

अंशुल सोनी पिता रवि सोनी, निवासी पवई, पियूष सोनी पिता दुर्गा सोनी, निवासी सलेहा एवं आरोपियों के कब्जे से जप्त अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त इंडिका कार सहित कुल लगभग 3,22,000 रुपये का मशरूका जप्त किया गया।

**सराहनीय योगदान-**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र कुमार प्रजापति, प्रधान आरक्षक उपेन्द्र रिछारिया, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार, आरक्षक राकेश कुमार डुडवे एवं वाहन चालक नागेन्द्र मांझी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सामाजिक समरसता, संवैधानिक अधिकारों और जनजागरण के संकल्प के साथ तहसील इकाई का गठन

# देवेंद्रनगर से सवर्ण समाज के संगठनात्मक अभियान का आगाज

**रामलखन शुक्ला सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष मनोनीत, बड़ी संख्या में समाजजन हुए शामिल**

**'किसी समाज से टकराव नहीं, सभी के सम्मान और न्यायपूर्ण अधिकारों की रक्षा हमारा उद्देश्य' - अजय तिवारी**

**देवेंद्रनगर।**



सामाजिक समरसता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, समान अवसरों की उपलब्धता तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के उद्देश्य से कार्यरत मध्यप्रदेश सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी संगठन ने देवेंद्रनगर में अपनी तहसील इकाई का गठन कर संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। रविवार को श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजन, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष इंजी. अजय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद के जिला अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष इंजी. सुरेंद्र कुमार खरे ने की। कार्यक्रम का आयोजन सतीश नायक एवं मुकेश खरे द्वारा किया गया। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि इंजी. अजय तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी भी धर्म, जाति अथवा वर्ग का विरोध करना नहीं है, बल्कि संविधान और कानून के दायरे में रहकर सवर्ण समाज के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संगठन पूर्णतः गैर-राजनीतिक है तथा सभी समाजों के सम्मान, सामाजिक सौहार्द और न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के हितों की सुरक्षा, अवसरों की समानता तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में इंजी. सुरेंद्र कुमार खरे ने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता और संगठन में निहित होती है। उन्होंने देवेंद्रनगर में एक मजबूत, सक्रिय और जनहितैषी संगठन खड़ा करने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज को सकारात्मक दिशा में संगठित होकर कार्य करना होगा। बैठक में सर्वसम्मति से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्राचार्य रामलखन शुक्ला को सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी संगठन की देवेंद्रनगर तहसील इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष रामलखन शुक्ला ने कहा कि संगठन सभी समाजों के सम्मान में विश्वास रखता है। हमारा उद्देश्य किसी समाज से टकराव नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग, परस्पर सम्मान और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि देवेंद्रनगर तहसील इकाई को मजबूत बनाने के लिए शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा तथा संगठन को जनहित और समाजहित के कार्यों से जोड़ा जाएगा।

**उल्लेखनीय उपस्थिति-**

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता, विजय व्यास, विजय खरे, पत्रकार सुधीर अग्रवाल, अरुण तिवारी, बृजेंद्र तिवारी, रामभजन त्रिपाठी, कृष्ण गोपाल खरे, देवेंद्र अवस्थी, राकेश बिल्थरिया, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मुकेश खरे, देवेंद्र श्रीवास्तव, मोहन प्रसाद नायक, देशराज शर्मा, सुशील खरे, धीरेंद्र खरे, देवेंद्र पाठक, मनीष सारस्वत, सतीश नायक, उमेश पांडे, रामलखन शुक्ला, डॉ. अभिषेक जैन, उमेश कुमार जैन (कनिष्ठ यंत्री), हरवंश पांडेय, शिवम पांडेय सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने, समाज के हितों की रक्षा करने तथा राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



# भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस पर ग्राम झगरहा में कार्यक्रम संपन्न

**पन्ना।** देश भर में 9 जून आदिवासी क्रांतिवीर भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी संज्ञान में अजयगढ़ के ग्राम झगरहा में आदिवासी महादेव सेना संगठन पन्ना के युवाओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उनके छाया चित्र पर श्रद्धा के पुष्प तथा मालाएं अर्पित कर तथा मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। युवा नेतृत्वकर्ता छोटे राजा आदिवासी एवं पहाड़ सिंह आदिवासी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी का आजादी के महासंग्राम में योगदान और किस प्रकार उन्होंने अपने पराक्रम एवं कौशल से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला कर रखी थी इस पर प्रकाश डाला। साथ ही संगठन प्रमुख अजय कोंदर ने उद्बोधन में बताया कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए उनका नाराकृ ष्अबुआ दिशुम अबुआ राजष हमारा देश, हमारा राज आज भी आदिवासी समाज और देश के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। सांस्कृतिक एवं सामाजिक योगदान में उन्होंने आदिवासियों को एकजुट किया, अंधविश्वासों के खिलाफ आवाज उठाई और श्बिरसाइतश संप्रदाय की स्थापना की उन्होंने मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में 9 जून 1900 को रांची जेल में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था। आजादी के इस संग्राम में अंग्रेजों से लड़ाई में उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी युवाओं उनके बलिदान से प्रेरित होकर अपने हृदय में राष्ट्र भाव जागृत करने का आवाहन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अजय, धर्मेंद्र, घनश्याम, रविन्द्र,हितेश,राकेश,अजय, विजय, भगवानदास, देवेंद्र, रवि, दीपेश सहित स्थानीय आदिवासी महिलाएं, पुरुष तथा वृद्धजनों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# पुलिस द्वारा अजयगढ थाना क्षेत्रान्तर्गत युवती के आत्महत्या के मामले के आरोपी को सूचना के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**आरोपी पर युवती को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मामला किया गया दर्ज**

**आरोपी के कब्जे से 2 मोबाईल फोन किए गए जप्त**

**अजयगढ़।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के नेर्देशन पर अजयगढ थाना क्षेत्रान्तर्गत युवती के आत्महत्या के मामले मे अयजगढ़ पुलिस टीम द्वारा आरोपी को सूचना के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। दिनांक 06/06/2026 को जिला अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि मृतिका सृष्टि उर्फ प्रिया मिश्रा, उम्र 22 वर्ष, निवासी लोधापुरवा, थाना अजयगढ़ की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मृत्यु हो गई है। उक्त सूचना पर थाना अजयगढ़ में मर्ग क्रमांक 31/2026 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों, मृतिका द्वारा मृत्यु से पूर्व बनाए गए वीडियो, सुसाइड नोट, परिजनों एवं अन्य गवाहों के कथनों से यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतिका को ग्राम भीना निवासी आरोपी धीरेन्द्र उर्फ बड़कू सिंह द्वारा लंबे समय से शारीरिक संबंध बनाने हेतु दबाव बनाया जा रहा था। आरोपी द्वारा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मृतिका को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ति एवं ब्लैकमेल किया जा रहा था। लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर मृतिका ने दिनांक 05/06/2026 को सल्फास (जहरीला पदार्थ) का सेवन



कर लिया । उपचार हेतु जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी, जिस पर थाना अजयगढ मे मर्ग क्रमांक 31/26 कायम कर जांच मे लिया गया। मर्ग जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आत्महत्या हेतु दुष्प्रेरण का अपराध पाए जाने पर थाना अजयगढ़ में अपराध क्रमांक 308/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी अजयगढ़ राजीव भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक हरिसिंह ठाकुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था गई। जिल पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानो पर लगातार दबिश दी गई एवं मुखबिर सक्रिय किए गए, जिसके फलस्वारूप मुखबिर द्वारा सूचना के आधार पर आरोपी धीरेन्द्र उर्फ बड़कू सिंह को निवासी ग्राम भीना से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से घटना से संबंधित दो मोबाइल फोन जप्त किए गए हैं। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया , जहां से आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। विवेचना में आरोपी द्वारा मृतिका को ब्लैकमेल करने, धमकी देने एवं मानसिक प्रताड़ना के संबधी तथ्य सामने आने पर आरोपी के कब्जे से जप्त किये गये की मोबाईल फोन की जाँच हेतु सायबर फारेन्सिक सागर भेजने की कार्यवाही की जा रही है, विवेचना जारी है। जप्ती आरोपी के कब्जे से 02 मोबाईल फोन जप्त किए गए।

**गिरफ्तार आरोपी-** धीरेन्द्र उर्फ बड़कू सिंह पिता चन्द्रपास सिहं उम्र 26 साल निवासी ग्राम भीना थाना अजयगढ जिला पन्ना

**सराहनीय भूमिका-** उक्त कार्रवाई में निरीक्षक हरिसिंह ठाकुर, उप निरीक्षक विक्रम सिंह एवं आरक्षक भूरी सिंह का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### शासकीय पट्टे की भूमि पर अवैध नामांतरण और कब्जे का प्रयास, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम बूढ़ौर में शासकीय पट्टे की भूमि का अवैध तरीके से क्रय-विक्रय और नामांतरण कराकर जबरन कब्जा करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ग्रामीण संतोष कुशवाहा, बबलू, राजू, ननकोले, लाल्ले, राजेश सहित अन्य आवेदकों ने छतरपुर कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम बूढ़ौर के भूमि खसरा क्रमांक 1122, जो कि शासन से प्राप्त पट्टे की भूमि है और पूर्व से ही तालाब के रूप में दर्ज है, को अजीत सिंह वर्मा, गायत्री पचौरी और महेंद्र अग्रवाल द्वारा बिना किसी सक्षम शासकीय अनुमति के अवैध रूप से क्रय कर लिया गया। इतना ही नहीं, नियमों को ताक पर रखकर इस भूमि का अवैध तरीके से नामांतरण भी करा लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त खसरा नंबर का रकबा खतौनी में 6 हेक्टेयर से अधिक है, जबकि मौके के नक्शे में यह केवल 3 हेक्टेयर के आसपास है, जिससे स्पष्ट है कि बिना जांच-पड़ताल के ही पट्टों का वितरण कर दिया गया। शिकायत में यह भी गंभीर आरोप लगाया गया है कि बिना किसी तरमीम या सीमांकन के, कथित क्रेताओं द्वारा रमेश पचौरी, मनीष पचौरी और विष्णु पचौरी के साथ मिलकर करीब 40 से 50 अज्ञात लोगों को जेसीबी मशीन लेकर मौके पर भेजा गया, जिन्होंने ग्रामीणों की भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। इस दौरान विरोध करने पर ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई तथा भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी गईं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए इस विवादित भूमि की विधिवत जांच कराई जाए और दबंगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### फोरलेन की जद में आया बड़ामलहरा का जीवनदाई जल स्रोत



**बड़ामलहरा।** नगर की लगभग 30 हजार आबादी को पिछले चार दशकों से शुद्ध एवं स्वादिष्ट पेयजल उपलब्ध कराने वाले मौली रेस्ट हाउस स्थित बोरवेलों पर अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। प्रस्तावित फोरलेन राजमार्ग निर्माण के कारण इन बोरवेलों के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे नगर की पेयजल व्यवस्था पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसी चिंता को लेकर नगरवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मुख्य जल स्रोत को सुरक्षित रखने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि मौली रेस्ट हाउस के बोरवेल पिछले लगभग 40 वर्षों से नगर की जलापूर्ति की रीढ़ बने हुए हैं और हजारों परिवारों की दैनिक जरूरतें इन्हीं पर निर्भर हैं।\ नगरवासियों ने सवाल उठाया है कि एक ओर शासन जल जीवन मिशन और जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दे रहा है।

### तीन आरोपियों को 6-6 माह की सजा

**नौगांव।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नौगांव रूपेश कुमार साहू की अदालत ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों बिलखाई यादव, बंदू यादव, एवं धर्मेन्?द्र यादव को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को छः-छः माह के कारावास एवं 1500-1500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। एडवोकेट राहुल रैकवार बताया की दिनांक 23.11.2019 को करीब शाम 5:30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से अपने लडके कैलाश के साथ कुआ वाले खेत से घर आ रहा था तो गडरिया वाले खेत के पास आया तो बिलखाई यादव, बंदू यादव एवं धर्मेन्द्र यादव उससे बोले कि यह उसके बाप की जगह है तो उसने कहा कि सामलाती रास्ता है तो इसी बात पर से बुरी-बुरी गालियां देने लगे तो उसने गाली देने से मना किया तो बंदू यादव हाथ में कुल्हाडी लिए था एक कुल्हाडी सिर में मारी तो खून निकलने लगा और लात घूसों से मारपीट करने लगे तो उसका लडका कैलाश बचाने दौडा तो धर्मेन्द्र यादव ने एक डण्डा उसके लडके को मारा, जो दाहिने हाथ की कलाई में लगा और सभी लोग लात घूसों से मारने लगे।

---

लुगासी के पास दुर्घटनाग्रस्त मिली एमपी 16 सीबी 1262 नंबर की कार, शराब माफिया फरार एवं पुलिस जांच में जुटी

# वर्चस्व की जंग में अवैध शराब का खेल, क्रेटा कार से मिली अवैध शराब की खेप, पीछा करने के दौरान

**नौगांव।** नौगांव थाना अंतर्गत लुगासी गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त मिली एक क्रेटा कार से शराब की पेटियां बरामद होने के बाद अवैध शराब कारोबार और उसके नेटवर्क को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त कर जांच शुरू कर दी है, जबकि वाहन में सवार लोग मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार आमखेरा-लुगासी मार्ग पर सड़क किनारे एमपी 16 सीबी 1262 नंबर की सफेद रंग की क्रेटा कार दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली। वाहन से शराब की पेटियां बरामद हुईं। सूत्रों के अनुसार कार में 5 से 8 पेटी तक देशी शराब रखी हुई थी। मामले में सामने आ रही जानकारियों के अनुसार क्रेटा कार में अवैध शराब लुगासी क्षेत्र में लाई गई थी। सूत्रों का दावा है कि इसकी जानकारी स्थानीय शराब कारोबार से जुड़े लोगों को लग गई थी। इसके बाद लाल रंग की बोलेरो में कुछ लोग मौके पर पहुंचे और क्रेटा कार को रोकने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि पीछा करने के दौरान दोनों वाहनों के बीच टक्कर हुई, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद क्रेटा कार में सवार लोग मौके से भाग निकले। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के बाद बोलेरो सवार लोग क्रेटा कार को टचिंग कर वहां से ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई और वाहन को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस की मौजूदगी में शराब जब्त की गई।





घटना को लेकर क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के भीतर वर्चस्व की लड़ाई की चर्चाएं भी तेज हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का दावा है कि विभिन्न क्षेत्रों में शराब की सप्लाई और बिक्री को लेकर लंबे समय से प्रतिस्पर्धा चल रही है। आरोप हैं कि कुछ शराब माफिया दूसरे के प्रभाव क्षेत्र में शराब खपाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे विवाद की स्थिति बन रही है। लुगासी के पास हुई घटना को भी इसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि इस संबंध में पुलिस ने कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।
मामले को लेकर यह चर्चा भी है कि बरामद शराब का संबंध लुगासी क्षेत्र के शराब कारोबार से हो सकता है। कुछ लोगों द्वारा स्थानीय ठेकेदार का नाम भी लिया जा रहा है, लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी व्यक्ति की संलिप्तता की पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि शराब के स्रोत, वाहन के स्वामित्व, परिवहन में शामिल लोगों तथा पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच की जा रही है। नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की क्रेटा कार का पीछा लाल रंग की बोलेरो कर रही है। सूचना मिलने पर लुगासी पुलिस मौके पर पहुंची तो क्रेटा कार दुर्घटनाग्रस्त मिली। वाहन में शराब की पेटियां बरामद हुई हैं। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि लाल रंग की बोलेरो वाहन को टचिंग करते हुए ले जा रही थी। पुलिस द्वारा शराब की जब्ती की कार्रवाई की जा रही है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शराब कहां से लाई गई थी तथा किस स्थान पर पहुंचाई जानी थी। जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

---

## तालाब पट्टे के आवंटन पर रोक लगाने की मांग, मत्स्य सहकारी समिति ने कलेक्टर को सौंपा

**छतरपुर।** जिले की छन्ना सागर मत्स्य उद्योग एवं सिंघाड़ी उद्योग सहकारी समिति, भेलनपुरवा के सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तालाब के पट्टे के आवंटन पर रोक लगाने की मांग की है। समिति का दावा है कि वर्तमान में मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए किसी भी अन्य पक्ष को पट्टा नहीं दिया जाना चाहिए।

### क्या है पूरा मामला?

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उक्त समिति का पंजीकरण 10 सितंबर 1984 को हुआ था। समिति के सदस्यों का आरोप है कि 31 मार्च 2020 को गलत तरीके से समिति को परिसमापन में लाया गया। समिति के सदस्यों ने राजेश रैकवार पर आरोप लगाया है कि उन्होंने समिति के चुनाव कराने के नाम पर मछुआरों से जबरन त्याग पत्र ले लिए थे, ताकि समिति को भंग किया जा सके। समिति के सदस्यों का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम के विरोध में उन्होंने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है। ज्ञापन में काशीराम रैकवार एवं समिति के अन्य सदस्यों ने कलेक्टर से विनम्र निवेदन किया है कि जब तक उच्च न्यायालय में इस मामले का अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था को उस तालाब का पट्टा आवंटित न किया जाए।

---

## जमीन विवाद को लेकर कुल्हाड़ी और लाठियों से जानलेवा हमला, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** जिले क़े बमनौरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुरा में जमीन विवाद और गिरवी के लेनदेन को लेकर एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी और लाठियों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से क्षुब्ध पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।
ग्राम हरपुरा निवासी पीड़ित सुन्दर लाल सेन पुत्र मूलू सेन ने एसपी को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि उसने ग्राम बेरखेरी निवासी मथुरा सेन को दो लाख रूपए देकर उसकी जमीन गिरवी रखी थी। आरोप है कि मथुरा सेन ने उक्त जमीन का सौदा पीड़ित की सहमति के बिना गांव के ही दबंगों लोकमन यादव, बृजलाल यादव, संतोष, राकेश, यशपाल और शिशुपाल सभी पुत्रगण बडन यादव, निवासी ग्राम हलावनी के साथ कर दिया और पीड़ित से जमीन का कब्जा छुड़ा लिया।

घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

शिकायत के अनुसार, जब 5 जून 2026 की दोपहर करीब 1:50 बजे पीड़ित ने इस कब्जे का विरोध किया, तो आरोपी लोकमन यादव और उसके भाइयों ने पीड़ित के घर में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी और लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के सिर पर गंभीर चोट आई और पीड़ित को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि अस्पताल से छुट्टी होने के बाद भी आरोपी लगातार उसके घर आकर गाली-गलौज कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।
पीड़ित सुन्दर लाल सेन का कहना है कि इस गंभीर घटना की शिकायत उन्होंने तुरंत बमनौरा थाने में दर्ज कराई थी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने रसूखदारों के दबाव में अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की है। कार्रवाई न होने से परेशान होकर पीड़ित ने एसपी से मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने का निवेदन किया है।



---

कुलगुरु का पुतला जलाने पहुंचे कार्यकर्ताओं पर छोड़ी गई वाटर कैनन

## परीक्षा फॉर्म पोर्टल बंद होने पर एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म भरने की वेबसाइट बंद होने से नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जमकर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के आईटी सेल जिला अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कुलगुरु का पुतला दहन करने का प्रयास किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र और एनएसयूआई कार्यकर्ता विश्वविद्यालय परिसर में एकत्रित हुए। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा फॉर्म भरने की वेबसाइट अचानक बंद कर दिए जाने से हजारों विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं, जिससे उनका भविष्य संकट में पड़ गया है। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल वेबसाइट पुनः शुरू करने तथा सभी विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने का अतिरिक्त अवसर देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान जब एनएसयूआई कार्यकर्ता कुलगुरु का पुतला जलाने पहुंचे तो स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा वाटर कैनन का उपयोग किया गया। इससे कुछ देर के लिए परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया।

---

## बिजली विभाग के ओआईसी पर अभद्रता का आरोप, बुजुर्ग महिला ने एसपी से की शिकायत

**छतरपुर।** जिले क़े मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम खडग़ाँव की एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने ईशानगर बिजली विभाग में पदस्थ ओआईसी अमित भूषण सिंह चौहान पर गंभीर दुर्व्यवहार, गाली-गलौज और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़िता हरबाई यादव पत्नी धूराम यादव ने छतरपुर पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी अधिकारी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।
शिकायत के अनुसार, करीब एक वर्ष पूर्व पीड़िता के पुत्र राममिलन यादव की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, जिसकी कागजी कार्रवाई मातगुवां थाने में दर्ज है। इसी मामले के सिलसिले में 2 जून 2026 को बिजली विभाग के कर्मचारी का पीड़िता के पास फोन आया और उन्हें जरूरी दस्तावेज लेकर कार्यालय बुलाया गया। जब बुजुर्ग महिला 3 जून 2026 को ईशानगर स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पहुंची, तो वहां मौजूद ओआईसी अमित भूषण सिंह चौहान ने उनके दस्तावेज लेने से साफ मना कर दिया। आरोप है कि अधिकारी ने बुजुर्ग महिला के साथ अत्यंत अमर्यादित व अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें मां-बहन की गंदी गालियां दीं और जबरन ऑफिस से बाहर निकाल दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि अधिकारी ने उनके मृत बेटे को लेकर अत्यंत असंवेदनशील और आपत्तिजनक टिप्पणी की तथा शिकायत करने पर देख लेने की धमकी दी। इस घटना से आहत और डरी हुई बुजुर्ग महिला ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है और आरोपी अधिकारी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



---

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने समक्ष में ई.व्ही.एम. मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत गोदाम को खुलवाकर निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग को चेक किया। इस दौरान सभी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए और सुरक्षा गाड्र्स भी मुस्तैद मिले। इस आशय की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई। इस दौरान निरीक्षण के संधारित रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रति माह ई.व्ही.एम के बंद गोदाम एवं तीन माह में गोदाम को खोलकर चेक किया जाता है।

---

## कलेक्टर की चौखट तक पहुंची भ्रष्टाचार की शिकायत, उपसरपंच प्रतिनिधि ने खोला मोर्चा

### ग्राम पंचायत सरसेड़ में अवैध रूप से बेची जा रही मनरेगा के तालाब की मुरम



**छतरपुर।** जिले की नौगांव जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सरसेड में निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और सरपंच के जाति प्रमाण पत्र को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच प्रतिनिधि चित्रकोटी भदौरिया ने छतरपुर कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपकर उच्च स्तरीय जांच और भुगतान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इससे पूर्व 20 मई 2026 को जन समस्या निवारण शिविर में भी शिकायत की गई थी, जिस पर कार्रवाई न होने के बाद अब सीधे कलेक्टर के पास मोर्चा खोला गया है। शिकायतकर्ता चित्रकोटी भदौरिया का आरोप है कि सरपंच द्वारा ग्राम चपरन में कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य में बेहद घटिया और अमानक सामग्री का उपयोग कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही यह गंभीर आरोप भी लगाया गया है कि सरपंच के पास अनुविभागीय अधिकारी नौगांव का कोई वैध जाति प्रमाण पत्र नहीं है जबकि यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। शिकायत में सरपंच के प्रमाण पत्र की सत्यता पर सीधे सवाल उठाए गए हैं।

### श्री किशोर कुमार होता ने एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने श्री किशोर कुमार होता का कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) एवं परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) के रूप में पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक स्वागत एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने 9 जून 2026 को एनटीपीसी विंध्याचल के प्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाला। श्री होता ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है तथा जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, ओडिशा से वित्त में पीजी डिप्लोमा किया है। वे अपने साथ लगभग 38 वर्षों का समृद्ध एवं विविध अनुभव लेकर आए हैं। वर्ष 1988 में एनटीपीसी में एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाले श्री होता ने प्रचालन, कॉर्पोरेट प्लानिंग, ईंधन प्रबंधन, ईंधन परिवहन, ग्रीन एनर्जी तथा विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों के नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

---

## सिंगरौली–सोनभद्र मार्ग पर बसों की सघन चेकिंग डबल डोर व आपातकालीन खिड़की जांच का प्रमुख मुद्दा

**सिंगरौली।** सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी के बाद परिवहन विभाग ने सिंगरौली–सोनभद्र मार्ग पर विशेष जांच अभियान तेज कर दिया है। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देश पर शुक्रवार सुबह से आरटीओ चेक पॉइंट सिंगरौली-01 पर अधिकारियों की टीम द्वारा यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस दौरान बसों में डबल डोर एवं आपातकालीन खिड़की (Emergency Window) की उपलब्धता और उनकी कार्यशील स्थिति जांच का प्रमुख विषय रही। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री सुरक्षा से जुड़े इन मानकों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा इसी परिप्रेक्ष्य में जांच निरंतर जारी रहेगी।




### दस्तावेज एवं सुरक्षा व्यवस्था की जांच

अभियान के दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, मेडिकल किट, डबल डोर तथा आपातकालीन निकास व्यवस्था की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि आपातकालीन खिड़कियां एवं निकास द्वार आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपयोग योग्य हों।

### नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

कलेक्टर गौरव बैनल के आदेश एवं जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के मार्गदर्शन में चेक पॉइंट प्रभारी एवं उनकी टीम ने "दुर्घटना मुक्त जिला" के संकल्प के साथ अभियान को गति दी है। जांच के दौरान जिन वाहनों में सुरक्षा मानकों का केवल औपचारिक पालन पाया गया या आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं में कमी मिली, उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

### लगातार चलेगा अभियान

चेक पॉइंट प्रभारी ने बताया कि हाल की सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए परिवहन विभाग लगातार प्रवर्तन कार्रवाई कर रहा है। सार्वजनिक परिवहन को सुरक्षित बनाना और वाहन संचालकों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना विभाग की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### विशेष जांच अभियान

07 जून 2026 तक जिले में यात्री बसों, स्कूल वाहनों एवं मालवाहक वाहनों की सघन जांच और विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना तथा यात्रियों को सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है

## खबर संक्षेप

### मछली मारने पर 16 जून से 15 अगस्त तक रहेगा प्रतिबंध

रीवा। वर्षाकाल का आरंभ मछलियों का प्रजनन काल होता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने जिले के सभी जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक मछली मारने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। इस अवधि में मछली का शिकार, विनिमय तथा परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर एक वर्ष के कारावास अथवा पांच हजार रुपए के जुर्माने या दोनों से दण्डित किया जाएगा। प्रतिबंध की अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करे। यह प्रतिबंध छोटे तालाब अथवा अन्य ऐसे जल स्त्रोत पर लागू नहीं होगा जिसका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है।

### MP-17 चौपाटी में घरेलू गैस का अवैध इस्तेमाल




रीवा। शहर के सिरमौर चौराहे स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी चौपाटी 'MP-17' में घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। एक तरफ आम जनता गैस बुकिंग के लिए हफ्तों इंतजार करती है, वहीं दूसरी तरफ यहां रियायती गैस पर कमर्शियल काम किया जा रहा है।

### सिद्धार्थ ने सीएम से की मुलाकात, विकास को लेकर चर्चा

रीवा। जिले त्योंथर क्षेत्र के विकास एवं विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने श्यामला हिल्स स्थित सीएम हाउस में मुख्यमंत्री मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े विषयों पर ध्यान आकर्षित किया।उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों को शीघ्र स्वीकृति एवं गति प्रदान करने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विधायक द्वारा रखे गए प्रस्तावों और मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया तथा प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी योजनाओं का लाभ क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी विकास परियोजनाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

### विमलेश अग्निहोत्री बिल्लू का निधन



रीवा। सेमरिया क्षेत्र के ग्राम कंदौहा निवासी सुंदर लाल शर्मा गुरुवाबा के भतीजे एवं नागेन्द्र प्रसाद अग्निहोत्री के पुत्र विमलेश अग्निहोत्री बिल्लू के असामयिक निधन से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन की खबर जैसे ही फैली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और गांव में मातम जैसा माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि विमलेश बिल्लू युवा अवस्था में ही थे और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर थे। इस आकस्मिक निधन ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। जिस उम्र में जीवन के सपने आकार लेते हैं, परिवार को उनसे आशाएं जुड़ी होती हैं, उसी उम्र में यूँ दुनिया को अलविदा कह देना हर किसी के लिए असहनीय पीड़ा का कारण बन गया है। विमलेश के निधन के बाद कंदौहा गांव की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। जहां कभी हंसी-खुशी का माहौल रहता था, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव की गलियां सूनी हो गई हैं, हर घर में शोक का माहौल है और हर आंख नम नजर आ रही है।

# 453 आवेदकों के प्राप्त हुए आवेदन, गोरगांव पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी, सैकड़ों लोग पहुंचे कलेक्ट्रेट

### जनसुनवाई से अचानक गायब हुई भीड़, पुराने ढर्रे पर लौटी व्यवस्था



**रीवा। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई में पिछले कुछ सप्ताहों के दौरान देखने वाली भारी भीड़ अब अचानक कम हो गई है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम दिखाई दी। चर्चा है कि जिले में नवागत कलेक्टर के कार्यभार संभालने के बाद जनसुनवाई में लोगों की बड़ी संख्या उमड़ रही थी और आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद नजर आ रही थी, लेकिन कलेक्टर के अवकाश पर जाने के बाद जनसुनवाई की व्यवस्था एक बार फिर पुराने ढर्रे पर लौटती दिखाई दे रही है।**

जानकारी के अनुसार, दो सप्ताह पहले तक जनसुनवाई में हजारों की संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे थे। वहीं इस बार कलेक्ट्रेट परिसर में सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दी। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कम होने से जनसुनवाई में आने वालों की संख्या घटी है। इसी दौरान गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरगांव का मामला एक बार फिर जनसुनवाई में प्रमुखता से सामने आया। पंचायत के 20 में से 18 पंचों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और सरपंच के खिलाफ प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। पंचों एवं उपसरपंच ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के कार्य सरपंच द्वारा सीधे संचालित न कर कथित एजेंटों के माध्यम से कराए जा रहे हैं, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना कार्य कराए भुगतान निकालने, पंचायत की नियमित बैठकों का आयोजन नहीं करने तथा बिना बैठक प्रस्ताव पारित करने जैसी अनियमितताएं की जा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच अर्जुन कोल के विरुद्ध 4 जून को अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन संबंधित एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसे लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के लिए स्वीकृत पंचायत भवन का निर्माण गांव से लगभग पांच किलोमीटर दूर कराया जा रहा है। इस संबंध में न तो पंचायत की बैठक बुलाई गई और न ही ग्रामीणों अथवा पंचों की राय ली गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो सरपंच और उनके कथित सहयोगियों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि अविश्वास प्रस्ताव पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जाए तथा पंचायत में हो रही कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला पंचायत के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार बेक, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

ग्राम बघरा के रहवासियों ने अपने आवेदन में नाला न होने से वर्षा का पानी घरों में घुसने की समस्या बताई। प्रभारी कलेक्टर ने सीईओ जनपद को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अजगरहा निवासी राजकली सिंह के सीमांकन/नक्शा तरमीम करने, रामनरेश गुप्ता के खसरा सुधार कराने, सगरा निवासी राजरतन पाठक के अतिक्रमण हटाने, सिरमौर निवासी ममता साकेत के भूमिहीन को भूमि प्रदाय करने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदारों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये गये। इसी प्रकार सोनवर्षा के आकाश पटेल के बिना अनुमति खनन को रोकने के आवेदन पर खनिज अधिकारी को, जगन्नाथ प्रजापति के भू अर्जन राशि प्रदाय करने के आवेदन पर एसडीएम मनगवां को, पार्वती प्रजापति के छात्रवृत्ति प्रदाय करने के आवेदन पर जिला संयोजक को तथा अकौरी के शिवकुमार विश्वकर्मा में आवास पट्टा दिलाने के आवेदन पर सीईओ जनपद जवा को कार्यवाही करने के निर्देश प्रभारी कलेक्टर ने दिये। जनसुनवाई में कुठुलिया के रामकुमार कोरी ने कच्चा मकान क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा देने के आवेदन पर तहसीलदार जवा को तथा इटौरा निवासी सवित्री के हैण्डपंप सुधार कराने के आवेदन पर पीएचई विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभागार में उपस्थित रहे तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े।

# मैहर तक फैला रीवा के भू माफिया का कारोबार, दलितों के एक एकड़ जमीन खरीद कर कराली ढाई एकड़ की रजिस्ट्री

### पीड़ितों ने आईजी डीआईजी से की धोखाधड़ी की शिकायत, लगाई न्याय की गुहार

**रीवा। मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र के एक गरीब आदिवासी परिवार ने रीवा के एक प्रॉपर्टी कारोबारी और उसकी पत्नी पर धोखाधड़ी कर उनकी जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि अशिक्षा और कानूनी जानकारी के अभाव का फायदा उठाकर उनके हिस्से की निर्धारित भूमि से अधिक रकबे की रजिस्ट्री करा ली गई। मामले में स्थानीय ताला थाना पुलिस एवं मैहर पुलिस अधीक्षक से शिकायत नहीं लेने का आरोप लगाते हुए पीड़ितों ने अब रीवा जोन डीआईजी और आईजी रीवा से न्याय की गुहार लगाई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कठहा, थाना ताला, जिला मैहर निवासी नर्मदा साकेत उम्र 56 वर्ष, रामकृपाल साकेत उम्र 55 वर्ष, रामबहोर साकेत उम्र 51 वर्ष एवं सुरेश साकेत उम्र 60 वर्ष ने बताया है कि वे ग्राम अमझर स्थित आराजी क्रमांक 21/3, रकबा 4.8560 हेक्टेयर भूमि में एक-पांचवें हिस्से के भूमिस्वामी हैं। उनके हिस्से में लगभग 0.971 हेक्टेयर भूमि आती है।उन्होंने 16 जुलाई 2024 को अपनी भूमि में से मात्र 0.405 हेक्टेयर (लगभग एक एकड़) भूमि चार लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से रीवा निवासी प्रॉपर्टी कारोबारी अनूप तिवारी की पत्नी के नाम विक्रय की थी। इसके एवज में उन्हें केवल एक लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि शेष राशि आज तक नहीं दी गई। वही पीड़ितों का आरोप है कि रजिस्ट्री के दौरान उनके साथ छलपूर्वक धोखाधड़ी की गई और निर्धारित एक एकड़ के स्थान पर उनके हिस्से की पूरी भूमि की रजिस्ट्री करा ली गई। करीब 0.566 हेक्टेयर (लगभग 1.40 एकड़) अतिरिक्त भूमि की रजिस्ट्री उनकी जानकारी और सहमति के बिना कराई गई।



#### अशिक्षा का उठाया फायदा

आदिवासी परिवार का कहना है कि वे पढ़े-लिखे नहीं हैं और दस्तावेजों की बारीकियों को समझने में सक्षम नहीं थे। इसी कमजोरी का लाभ उठाकर कथित रूप से पूरी साजिश रची गई। जब बाद में उन्हें वास्तविक स्थिति की जानकारी मिली तो उन्होंने क्रेता पक्ष से संपर्क किया तो बातचीत के दौरान क्रेता के पति ने स्वीकार किया था कि अधिक भूमि की रजिस्ट्री हो गई है और अतिरिक्त रकबे का भुगतान कर दिया जाएगा। इसी भरोसे में पीड़ित परिवार ने तत्काल कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। लेकिन लंबे समय तक न तो अतिरिक्त भूमि का मूल्य दिया गया और न ही कथित रूप से अधिक दर्ज कराई गई भूमि वापस की गई।

#### थाने में नहीं सुनी गई फरियाद

पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने 29 मई को ताला थाने पहुंचकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनका आवेदन लेने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि न तो उनकी रिपोर्ट दर्ज की गई और न ही किसी प्रकार की जांच शुरू की गई। इसके बाद उन्होंने 2 जून को पुलिस अधीक्षक मैहर को लिखित शिकायत सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि वहां से भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंततः न्याय की उम्मीद में पीड़ित परिवार मंगलवार को रीवा जोन आईजी एवं डीआईजी कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की। पीड़ित आदिवासी परिवार ने उच्चस्तरीय जांच कराने तथा आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

# स्मार्ट मीटर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

### चार परिवार फंसे, छह बाइक जलकर खाक, 8 लाख का नुकसान



रीवा। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनगर में मंगलवार को एक मकान में लगी भीषण आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि मकान में किराए से रह रहे चार परिवार अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तथा संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में छह मोटरसाइकिलें जलकर राख हो गईं, जबकि मकान की विद्युत वायरिंग सहित घरेलू सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग से लगभग 7 से 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार शिवनगर निवासी हीरा सिंह के मकान में अचानक आग लग गई। मकान मालिक का आरोप है कि घर में लगे स्मार्ट मीटर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग भड़की, जिसने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखते ही देखते पूरे मकान में फैल गईं, जिससे वहां रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने के समय मकान में किराए से रहने वाले चार परिवार मौजूद थे। आग और धुएं के कारण लोग बाहर नहीं निकल पा रहे थे। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जवानों और दमकल कर्मियों ने जोखिम उठाते हुए मकान के भीतर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

आग की चपेट में आने से मकान परिसर में खड़ी छह मोटरसाइकिलें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। इसके अलावा घर में रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कपड़े, जरूरी दस्तावेज तथा अन्य घरेलू सामान भी नष्ट हो गया। आग के कारण मकान की संपूर्ण विद्युत वायरिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई है। यदि समय रहते पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था। रिहायशी क्षेत्र होने के कारण आग आसपास के मकानों तक भी फैल सकती थी, जिससे भारी जन-धन हानि की आशंका थी। मकान मालिक ने स्मार्ट मीटर में तकनीकी खराबी और शॉर्ट सर्किट को हादसे की मुख्य वजह बताया है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस एवं विद्युत विभाग के अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण कर आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटे हुए हैं।

# बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर आदिवासी बस्ती में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा



रीवा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढेकहा, द्वारा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आदिवासी समाज के गौरव एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर वार्ड क्रमांक 01 शिवपुरवा स्थित विद्यालय के समीप आदिवासी बस्ती में श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढेकहा के अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी के आयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस कमेटी रीवा के अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू' रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनके त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि अशोक पटेल 'झब्बू' ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के विरुद्ध आदिवासी समाज को संगठित कर संघर्ष का बिगुल फूंका। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। अल्पायु में ही उन्होंने जिस साहस, नेतृत्व क्षमता और संघर्षशीलता का परिचय दिया, वह आज भी देश के युवाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और स्वाभिमान की भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम के आयोजक एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढेकहा के अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के नेता ही नहीं थे, बल्कि वे राष्ट्र की स्वतंत्रता, सामाजिक चेतना और जन-अधिकारों के महान योद्धा थे। उन्होंने शोषण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को जागरूक करने का कार्य किया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता, अधिकारों की रक्षा और जनकल्याण के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में न्याय और समान अवसर की स्थापना की जा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।आदिवासी बस्ती के नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी, सत्या द्विवेदी, जितेन्द्र त्रिपाठी, मंडलम अध्यक्ष दिनेश गौतम, जयप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद जलील, मंडलम अध्यक्ष राहुल सिंह, रामनारायण कोल, अधिवक्ता सुनील द्विवेदी, रामकुशल कोरी, वितानी कोल, आशीष सोंधिया, प्रेमलाल कोल, लोली कोल, लवकुश कोल, रामजी कुशवाहा, तालावती कोल, अंजू कोल, सविता कोल, नीलम कोल, लल्ली कोल, तेरसी कोल, चन्द्रवली कोल, अनीता कोल, सुकवरिया कोल, मीरा कोल, मीना कोल, बुटान कोल, नीतू कोल, सुशील कोल, चन्द्रवती कोल, मुन्नी कोल, महावीर कोल, मुन्ना कोल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं आदिवासी समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# रीवा संभाग ई आफिस लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

रीवा। प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 22384 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 85117 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 6540 फाइलों का क्रिएशन तथा 53486 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 3649 फाइलों का क्रिएशन तथा 39164 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 12वें स्थान पर है। रीवा जिले में 10611 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 67499 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 41वें, मऊगंज जिला 52वें, सतना जिला 46वें, सीधी जिला 43वें तथा मैहर जिला 49वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई आफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है। यह सुशासन को मजबूत करने के लिए सराहनीय पहल है।

# कलेक्टर ने 90 आवेदकों के आवेदन की जनसुनवाई की

**मऊगंज। कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 90 आवेदकों की समस्यायें सुनी। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदन पत्रों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। घुरेहटा के निवासियों ने सड़क व नाली निर्माण कराये जाने का आवेदन दिया, कलेक्टर ने नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिये कि वर्षा से पूर्व परीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।**



उन्होंने ग्राम गंज के निवासियों द्वारा बरसात का पानी अवरूद्ध किये जाने के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को स्थल जांच कर निराकरण करने तथा सिद्धि केशरवानी के नामांतरण के आवेदन पर कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम मऊगंज को दिये। इसी प्रकार करह निवासी संगमलाल मिश्रा के स्वामित्व की भूमि पर कब्जा करने के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को, जोरौट के निवासियों के पुलिया निर्माण कार्य की जांच के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को, जमुनिहा के आठ आवेदकों द्वारा गत आठ वर्षों से सीमांकन न होने के आवेदन पर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को तत्काल सीमांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में फूलकरण सिंह ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा शासकीय ट्यूबबेल को अतिक्रमित करने के आवेदन पर कलेक्टर ने तहसीलदार नईगढ़ी को आज ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने सुअरहा आदिवासी बस्ती में रास्ता निर्माण के आवेदन पर सीईओ जनपद नईगढ़ी को, मनोज कुमार मिश्रा पन्नी के सीमांकन के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को, मृतक आयी पटेल की मृत्यु उपरांत राशि न मिलने के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को, मऊगंज में सिविल अस्पताल के समीप रोड व नाली निर्माण के आवेदन पर सीएमओ मऊगंज को, रामरहीश चौरसिया निवासी रामपुर के नक्शा तरमीम के आवेदन पर नायब तहसीलदार रामपुर को तथा ग्राम अकौरी के रहवासियों द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने भी लोगों की समस्यायें सुनी।

# हनुमना पुलिस ने चोरी हुई पिकप वाहन को बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार



मऊगंज। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र जैन के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मउगंज विक्रम सिह के मार्गदर्शन मे तथा एसडीओपी सचि पाठक के कुशल नेतृत्व मे थाना हनुमना पुलिस स्टाफ द्वारा रात के समय घर के समाने से चोरी हुई पिकप वाहन को बरामद कर चोरी करने वाले आरोपी शिवनाथ यादव उर्फ गुलई यादव को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बारे मे बताया गया कि दिनांक 04/06/2026 को फरियादी तुलसीदास गुप्ता पिता रामगोपाल गुप्ता उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 सगरा खुर्द थाना हनुमना जिला मऊगंज (म.प्र) का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनाक 03.06.2026 को रात्रि 10.00 बजे पीकप वाहन क्रमांक **UP**70**ET**1735 अपने घर के सामने खडी किया था पीकप वाहन मे 30 बंडल खाली बोरा लदा हुआ था दिनांक 04.06.2026 के सुबह 04.00 बजे मेरी मम्मी उर्मिला गुप्ता सोकर उठी तो देखी कि घर के सामने पीकप वाहन नही थी तब हल्ला गोहार की तो हम लोग उठकर घर के सामने आये तो देखे कि पीकप वाहन क्रमांक **UP**70**ET**1735 घर के सामने नही थी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले मे चोरी गई पिकप वाहन की पता तलास दौरान मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम रमकुई रीवा मे उक्त पिकप वाहन शिवनाथ यादव उर्फ गुलई यादव के घर के पीछे खड़ी है सूचना पर शिवनाथ यादव उर्फ गुलई को दस्तयाब कर पूछताछ कर चोरी गयी पिकप वाहन क्रमांक **UP**70**ET**1735 को बरामद कर आरोपी शिवनाथ यादव उर्फ गुलई यादव से उक्त पिकप जप्त किया गया तथा आरोपी शिवनाथ यादव उर्फ गुलई यादव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। पिकप वाहन की तलाश करने और आरोपी को गिरफ्तार करने मे निरी. अनिल काकड़े, उनि रामदीन सिह, प्र.आर. 12 अतुल तिवारी, आर. सूरज तिवारी, आर. मनीष पाण्डेय, आर. मुकेश यादव, आर.विवेकानन्द यादव, आर. देवेश प्रताप सिह, आर. अशोक यादव थाना हनुमना,की सराहनीय भुमिका रही।